# हाउस ऑफ हिमालयाज का शुभारंभ

- मुख्यमंत्री धामी ने दिल्ली में आउटलेट का उद्घाटन किया
- उत्तराखंड उत्पादों को मिलेगी वैश्विक पहचान



**नयी दिल्ली/देहरादून, 08 जुलाई. नयी दिल्ली स्थित उत्तराखंड निवास परिसर में मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के आउटलेट का उद्घाटन किया. इस अवसर पर धामी ने कहा कि यह पहल राज्य सरकार की उस दूरदृष्टि का परिणाम है, जिसका उद्देश्य पर्वतीय अंचलों में उत्पादित प्राकृतिक और हस्तनिर्मित वस्तुओं को वैश्विक पहचान दिलाना है.**

यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा और साथ ही स्थानीय कारीगरों व शिल्पकारों को नए अवसर प्रदान करेगा.मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों की ब्रिकी को बढ़ावा देने के लिए 13 से अधिक प्रमुख स्थानों पर आकर्षक फ्लोर स्टैंडिंग यूनिट्स और रिटेल कार्ट्स नैनी सैनी एयरपोर्ट, पंतनगर एयरपोर्ट, देहरादून हेलीपैड, जीएमवीएन श्री केदारनाथ, बद्रीनाथ, हर्षिल, गुप्तकाशी, कौडियाला, मसूरी, परमार्थ निकेतन (ऋषिकेश), स्नो क्रेस्ट (बद्रीनाथ), एटीआई (नैनीताल) एवं सेंट्रिया मॉल जैसे तीर्थ और पर्यटक स्थलों पर स्थापित किए गए हैं. ये रिटेल कार्ट्स श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं. उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त, मैरियट मसूरी, ताज देहरादून, एफआरआई व एलबीएसएनएए एवं राष्ट्रीय राजधानी स्थित दिल्ली हाट जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी रिटेल कार्ट्स की स्थापना प्रक्रिया प्रगति पर है. यह पहल न केवल स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला रही है, बल्कि उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शिल्प कौशल को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत कर रही है.

> ग्रामीण विकास की सचिव राधिका झा ने बताया कि 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड ने कम समय में अपनी गुणवत्ता के बल पर विशेष पहचान बनाई है. इसके उत्पाद हाउस ऑफ हिमालयाज डॉट कॉम के साथ-साथ, अमेजन और ब्लिंकिट जैसे प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं. उन्होंने बताया कि अब यह ब्रांड प्रमुख होटल श्रृंखलाओं में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है.उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक और पारंपरिक पहचान को बढ़ावा देने तथा उच्च श्रेणी के पर्यटकों को स्थानीय उत्पादों से जोड़ने के उद्देश्य से ताज , हयात सेंट्रिक, हयात रीजेंसी , मैरियट , वेस्टिन और जेपी ग्रुप जैसे प्रतिष्ठित होटलों के साथ रणनीतिक साझेदारी की गई है.



## खड़गे के बयान पर विवाद: मुर्मू-कोविंद नाम गलत कहने पर भाजपा का हमला

**नई दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ में एक संबोधन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उनके पूर्ववर्ती रामनाथ कोविंद के नाम का कथित तौर पर गलत उच्चारण करने को लेकर भाजपा के निशाने पर आ गए हैं. भाजपा ने खड़गे के इन बयानों को दलित विरोधी और आदिवासी विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन बताया है.रायपुर के साइंस ग्राउंड में बोलते हुए, खड़गे को राष्ट्रपति को मुरमा जी कहते सुना गया. हालांकि, उन्होंने तुरंत खुद को सुधार कर मुर्मू कहा. कुछ ही सेकंड बाद, उन्होंने एक और गलती की और कोविंद का नाम कोविड कह दिया .खड़गे ये टिप्पणियां छत्तीसगढ़ के जंगलों में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई के मुद्दे पर बोल रहे थे, और उन्होंने भाजपा तथा उसके उद्योगपति मित्रों पर भूमि हड़पने का आरोप लगाया

# उत्तरप्रदेश एसडीजी में बना फ्रंट रनर: योगी



**लखनऊ, 8 जुलाई. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश ने सतत विकास के हर क्षेत्र में ठोस प्रगति की है.**

योगी ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में वैश्विक मानकों पर आधारित सतत विकास लक्ष्यों के सापेक्ष उत्तर प्रदेश की प्रगति की समीक्षा की. उन्होने कहा कि बीते वर्षों में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्रदेश ने सतत विकास के हर क्षेत्र में ठोस प्रगति की है. यह उपलब्धि केवल स्कोर का मामला नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने वाले परिवर्तन की पुष्टि है.बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018-19 में 42 अंकों के साथ 'परफॉर्मर' श्रेणी में शामिल उत्तर प्रदेश ने 2023-24 तक 25 अंकों की वृद्धि के साथ 67 का स्कोर हासिल कर 'फ्रंट रनर' राज्यों की श्रेणी में प्रवेश किया है.

### कांवड़ यात्रा की तैयारी, सीएम योगी ने किया हवाई सर्वेक्षण

उत्तर प्रदेश सरकार सावन महीने में कांवड़ यात्रियों की सुविधा को लेकर तैयारियों में जुटी हुई है. 11 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है. इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बिजनौर में कांवड़ यात्रा के मार्ग का हवाई सर्वेक्षण किया और कावड़ मार्गों का जायजा लिया.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से बिजनौर तक हेलीकॉप्टर से यात्रा मार्ग का विस्तृत सर्वेक्षण किया.

### आज का इतिहास

1816: अर्जेंटिना ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की.
1819: सिलाई मशीन के अविष्कारक एलायस हाउ का जन्म.
1877: लंदन में पहली विबंलडन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया.
1893: डॉक्टर डैन विलियम्स दुनिया की पहली ओपन हार्ट सर्जरी की थी.
1925: भारतीय सिनेमा के सबसे सशक्त अभिनेताओं एवं बेहतरीन निदेशकों में शुमार गुरुदत्त का जन्म.
1938: अपने सशक्त अभिनय से हिंदी सिनेमा को समृद्ध बनाने वाले अभिनेता संजीव कुमार का जन्म.

# भारत अफगान प्रस्ताव से अलग

**पी हरीश ने सुरक्षा और सहयोग की वकालत की**

**संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव से भारत दूर**

**नयी दिल्ली 8 जुलाई. भारत ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा और आंतकवाद की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पर मतदान से खुद को अलग रखते हुये कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने का समन्वित प्रयास करना चाहिए ताकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित आतंकवादी संगठन और व्यक्ति अपनी करतूतों के लिये अफगान क्षेत्र का दुरुपयोग न कर सकें.**

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पी हरीश ने प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की अफगानिस्तान के तालिबान शासकों की ओर से गयी कड़ी निंदा का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है.

> हरीश ने यह कहते हुये कि केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगा. उन्होंने कहा कि इसी दृष्टिकोण से 'भारत ने इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहने का फैसला किया है.' उन्होंने दोहराया कि सभी संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव और एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान की दिशा में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की.



# बारिश से यातायात व ट्रेन सेवाएं वाधित

**कोलकाता, 08 जुलाई.कोलकाता तथा उपनगरीय क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद मुख्य मार्ग और बोनगांव को जोड़ने वाले विभिन्न स्टेशनों पर जलभराव होने के कारण पूर्वी रेलवे के व्यस्त सियालदह जंक्शन पर ट्रेन सेवाएं मंगलवार को प्रभावित हुयीं.**



अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोलकाता में रात भर भारी बारिश होने से कुछ प्रमुख हिस्सों में जलभराव ने व्यस्त समय में यातायात बुरी तरह प्रभावित हुयी.नगर संरक्षण विभाग ने हावड़ा, सियालदह और सिटी ऑफिस क्षेत्रों को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों से पानी निकालने के लिए पंप लगाया है. सियालदह मुख्य खंड में ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं. मुख्य मार्ग के बेलघोरिया, टीटागढ़ और बोनगांव की ओर बारासात में जलभराव की खबरें आयीं, जो स्थानीय यात्रियों के लिए पूर्वी रेलवे प्रणाली का सबसे व्यस्त हिस्सा है. मौसम विज्ञानियों ने पूरे क्षेत्र में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान लगाया है. सियालदह और ग्रेटर कोलकाता के कई इलाकों में बारिश का पानी जमा हो गया है.

### उत्तरकाशी में में बादल फटा

उत्तरकाशी. उत्तराखंड के चमोली जिले में आज मंगलवार की सुबह नंदप्रयाग घाट मुख गांव के पास बादल फटने की घटना सामने आई है. राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के मुताबिक इस घटना में अभी तक किसी भी जान-माल की नुकसान की खबर नहीं है. स्थिति का आकलन करने के लिए स्स्ट्रत्र्स की एक टीम मौके पर भेज दी गई है.इससे पहले, भारतीय मौसम विभाग ने राज्य में 6 जुलाई को भारी बारिश के लिए चार दिनों का अलर्ट जारी किया था.

# सेबी की नाक के नीचे घोटाले: कांग्रेस

**नयी दिल्ली, 08 जुलाई. कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार में प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसी महत्वपूर्ण संस्था भी शिथिल पड़ गई है और उसकी नाक के नीचे हो रहे घोटालों से आम निवेशकों को जबरदस्त चूना लग रहा है लेकिन वह अपने दायित्वों का ठीक तरह से निर्वहन नहीं कर पा रही है.**



कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां पार्टी के नये मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेबी की नाक के नीचे एक बड़ा घोटाला हुआ है. घोटाला करने वाली कंपनी एक बार नहीं बार-बार घोटाले करती रही और देश के नागरिकों की गाढ़ी कमाई लेकर अपने देश भाग गई लेकिन सेबी ने समय रहते इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बताना चाहिए कि जो कंपनी बार-बार घोटाला करती रही है उसको लेकर सरकार की नींद क्यों नहीं खुली.

> प्रवक्ता ने कहा कि एक कंपनी देश में आती है, पैसा बनाती है और देश की जनता का पैसा लूटकर वापस चली जाती है. यह बहुत बड़ा घोटाला है और सरकार इस पर कुछ नहीं कहती है. कमाल तो यह है कि लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इसको लेकर बार- बार चेतावनी देते रहे लेकिन सरकार ने कई साल तक इसकी सुध नहीं ली और अब हजारों करोड़ रुपए देश से घोटाला कर बाहर चले गये हैं और उसकी एवज में जो वसूली की गई वह बहुत कम है.उन्होंने विस्तार से घोटाले की जानकारी देते हुए कहा, अल्गो ट्रेड ऑपरेटर अमेरिका की कंपनी है.

## पुलिस मुठभेड़ में खेमका कांड का संदिग्ध ढेर

**पटना.** बिहार के बड़े कारोबारी और मगध अस्पताल के मालिक गोपाल खेमका की हत्या से जुड़ा संदिग्ध अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया. पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि पुलिस ने खेमका हत्याकांड के शूटर उमेश उर्फ विजय को मालसलामी इलाके से गिरफ्तार किया था. गोपाल खेमका की हत्या से जुड़े एक संदिग्ध विकास उर्फ राजा को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस जब मालसलामी थाना क्षेत्र स्थित उसके घर पर पहुंची,तभी उसने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी. पुलिस ने भी अपनी सुरक्षा में गोली चलायी और इस मुठभेड़ में राजा मारा गया.

# भाषा विवाद में मनसे नेता गिरफ्तार

## पुलिस ने अविनाश जादव को हिरासत में लिया

**मुंबई 08 जुलाई.महाराष्ट्र में पुलिस ने भाषा विवाद को लेकर निर्धारित विरोध रैली से कुछ ही घंटे पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता एवं ठाणे-पालघर के जिलाध्यक्ष अविनाश जादव को तड़के तीन बजे हिरासत में ले लिया.**



गौरतलब है कि मनसे कार्यकर्ताओं ने मराठी में बात करने से इनकार करने पर एक व्यापारी पर कथित तौर पर हमला किया था. इस घटना के मद्देनजर ठाणे के मीरा-भयंदर में मराठी भाषा न बोलने वाले लोगों की ओर से प्रदर्शन मार्च निकाला गया. इसके जवाब में मनसे ने आज रैली निकालने की घोषणा की.

पुलिस की ओर से रैली निकालने की इजाजत नहीं देने पर मनसे नेताओं ने कड़ी आपत्ति जतायी है. पुलिस ने जाधव के खिलाफ नोटिस जारी किया, लेकिन वह रैली निकालने पर आमदा रहे और रैली का नेतृत्व करने से पहले उन्हें हिरासत में ले लिया गया.



# दिल्ली में नया सहेली स्मार्टकार्ड

**महिलाएं अब पिंक टिकट की जगह कार्ड दिखाएंगी**

**पिंक टिकट योजना हुई बंद सहेली कार्ड से बस यात्रा मुफ्त**

**नई दिल्ली,8 जुलाई .दिल्ली में अब महिलाओं को मुफ्त बस सफर के लिए सहेली स्मार्ट कार्ड का इस्तेमाल करना होगा. रेखा गुप्ता सरकार ने आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा शुरू किए गए पिंक टिकट को हटाकर यह नई योजना लागू की है.**

12 साल या उससे अधिक आयु की सभी लड़कियों, महिलाओं और ट्रांसजेंडर को इस स्मार्ट कार्ड के जरिए डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ मिलेगा. यह स्मार्ट कार्ड नाम और फोटोयुक्त होगा.एक अधिकारी के अनुसार, यह स्मार्ट कार्ड नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड के तहत जारी किया जाएगा. इससे डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा की जा सकेगी, जबकि परिवहन के अन्य साधनों के लिए इसे रिचार्ज और टॉप-अप करना होगा.

अधिकारी ने बताया कि सहेली स्मार्ट कार्ड प्राप्त करने के लिए आवेदक को दिल्ली का निवासी होना चाहिए, आयु 12 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए.

### आवेदन डीटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगा

आवेदन डीटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा. इसके बाद एक बैंक का चयन करना होगा और चुनी गई बैंक शाखा में पूर्ण केवाईसी सत्यापन पूरा करना होगा .केवाईसी पूरा होने के बाद बैंक आवेदक के पंजीकृत पते पर स्मार्ट कार्ड भेजेगा. आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिल्ली में निवास का प्रमाण, पासपोर्ट आकार की फोटो और बैंक-विशिष्ट केवाईसी मानदंडों के तहत अन्य दस्तावेज शामिल होंगे .सरकार यात्रियों से यात्रा के लिए कोई शुल्क नहीं लेगी.

### एक नजर में



#### एयर इंडिया हादसे की जांच रिपोर्ट तैयार

**नई दिल्ली.** एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो इस सप्ताह एयर इंडिया की उड़ान संख्या 171 के विमान दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट नागर विमानन मंत्रालय और अन्य संबंधित अधिकारियों को सौंप देगा. यह रिपोर्ट जांच के शुरुआती चरण में जुटाए गए शुरुआती आकलन और निष्कर्षों पर आधारित होगी. अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट इस सप्ताह के अंत में जनता के लिए भी जारी कर दी जाएगी .रिपोर्ट के सटीक विवरण अभी ज्ञात नहीं हैं, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें दुर्घटना के कारणों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी होगी. 12 जून को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने के 32 सेकंड के भीतर ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था. इस भयानक हादसे में विमान में सवार 241 लोग, जिनमें 10 केबिन क्रू सदस्य और दो पायलट शामिल थे, जलकर राख हो गए थे.

#### नेपाल में बाढ़ आने से 18 लोग लापता

**काठमांडू.** नेपाल के उत्तरी हिस्से में लगातार बारिश होने के कारण आयी बाढ़ में मंगलवार सुबह कम से कम 18 लोग लापता हो गये .रसुवा जिला पुलिस के निरीक्षक कृष्ण धीताल ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि रसुवागढ़ी सीमा बिंदु पर आई बाढ़ के कारण कम से कम 18 लोग लापता हो गए हैं. उन्होंने कहा,उनमें से ज़्यादातर लोग सीमा के नज़दीक एक ड्राई पोर्ट पर काम कर रहे थे .उन्होंने बताया कि सीमा बिंदु पर एक पुल बह गया और ड्राई पोर्ट पर खड़े कई इलेक्ट्रिक वाहन भी बह गए.

#### सड़क हादसे में पूरा परिवार जिंदा जले

**हैदराबाद.** अमेरिका में सड़क हादसे में हैदराबाद के एक परिवार चार लोगों की जिंदा जल गये .मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ग्रीन काउंटी में एक ट्रक से टकराने के बाद कार में आग लग गयी, जिसके कारण तेजस्विनी, श्रीवेंकट और उनके दो बच्चे जिंदा जल गये. हादसे के समय पीड़ित अटलांटा से डलास जा रहे थे. सभी की मौके पर ही मौत हो गयी .घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और दमकल की टीमों सहित आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर

# बिहार को मिली 5 नई ट्रेनों की सौगात

- रेल मंत्री ने नई ट्रेनों व परियोजनाओं की घोषणा की
- पटना-दरभंगा में दो एसटीपीआई खुलेंगे

**नई दिल्ली ,8 जुलाई .केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बीते सोमवार को अपने बिहार दौरे के दौरान राज्य को पांच नई ट्रेनों की सौगात दी. इन ट्रेनों में चार अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल हैं.**



पटना और दिल्ली के बीच अब प्रतिदिन अमृत भारत एक्सप्रेस चलाई जाएगी, जिससे यात्रियों को तेज और आरामदायक सफर मिलेगा. इसके अलावा दरभंगा-लखनऊ और मालदा टाउन-लखनऊ के बीच एक-एक साप्ताहिक अमृत भारत ट्रेन भी चलाई जाएगी.

> रेल मंत्री ने यह भी घोषणा की कि बिहार में दो सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया का उद्घाटन जल्द होगा. इनमें पाटलिपुत्र में 53 करोड़ रुपये की लागत से और दरभंगा में 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एसटीपीआई शामिल हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे देश के समग्र विकास में बड़ी भूमिका निभा रही है.

## भारी मात्रा में गांजा बरामद तीन तस्कर गिरफ्तार

**सुपौल.** बिहार के सुपौल जिले के भीमनगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है.पुलिस अधीक्षक सरथ आर एस ने मंगलवार को यहां बताया कि सोमवार को सूचना मिली थी कि नेपाल के प्रभाग से कुछ तस्करों के द्वारा गांजा एक बड़ी खेप कोसी नदी के रास्ते नाव से आने बाली है तथा उसे कार के माध्यम से अन्यत्र बेचने के उद्देश्य से ले जाया जाने वाला है. इस आधार पर पुलिस ने छापेमारी की. छापामारी के दौरान देखा गया कि तीन तस्कर एक कार पर गांजा लादने की फिराक में थे.

**प्रस्तावों को स्वीकृति** | **कैबिनेट ने आयोग को मंजूरी दी, शिक्षा-रोजगार पर देगा सलाह**

# बिहार में युवा आयोग गठन, महिलाओं को आरक्षण मिलेगा

- मुख्यमंत्री नीतीश ने 'एक्स' पर जानकारी दी

**पटना, 08 जुलाई. बिहार सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'बिहार युवा आयोग' के गठन को मंजूरी दे दी है.**

यह फैसला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया, जिसमें कुल 43 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई. इनमें विकास योजनाएं, नियुक्तियों की प्रक्रिया और आर्थिक प्रस्ताव भी शामिल हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि बिहार के युवाओं को अधिकतम रोजगार उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षण देने और सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह आयोग गठित किया जा रहा है, जिसे आज कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है.



यह आयोग राज्य सरकार को युवाओं के कल्याण, शिक्षा, रोजगार और उनके सर्वांगीण विकास से जुड़े मुद्दों पर सलाह देगा. आयोग विभिन्न सरकारी विभागों के साथ समन्वय करेगा ताकि युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर मिल सकें. आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष तय की गई है. यह आयोग राज्य के निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दिलाने वाली नीतियों के पालन की निगरानी भी करेगा.इसके अलावा, आयोग राज्य से बाहर काम कर रहे छात्रों और युवाओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा. आयोग का एक और महत्वपूर्ण कार्य युवाओं में बढ़ती शराब और नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए सरकार को सुझाव देना होगा.

> बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुयी मंत्रिपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया.मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने प्रेस वार्ता में इस संबंध में संवाददाताओं को जानकारी देते हुये कहा कि बिहार में महिलाओं की आबादी लगभग 50 प्रतिशत है. इससे पहले बिहार की सरकारी नौकरियों में महिलाओं की बहाली बड़ी संख्या में होती थी जिसमें उत्तरप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली समेत दूसरे राज्यों की महिलाएं भी काफी संख्या में मेधा सूची में जगह बना लेती थीं.

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाउ लाल वैष्णव का निधन

**नयी दिल्ली.** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊ लाल वैष्णव का मंगलवार को जोधपुर एम्स में 81 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया. वह पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार थे और एम्स जोधपुर में भर्ती थे उनके निधन की खबर से राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई. इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भूपेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह शेखावत, धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, और पुष्कर सिंह धामी सहित अनेक नेताओं ने शोक व्यक्त किया.

